प्रश्न–पत्र पुस्तिका

QUESTION PAPER BOOKLET

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 64

Number of Pages in Booklet : 64

पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 150

Number of Questions in Booklet :150

समय / Time : 3 घंटे / 3 Hours

INSTRUCTIONS

1. Answer all questions.
2. Each question carry one mark.
3. Only one answer is to be given for each question.
4. Answers are to be marked on the OMR Answer Sheet, provided separately.
5. Each question has four options, marked serially as 1,2,3,4 out of which only one is correct. Candidate has to darken only one circle or bubble by right method indicating the correct answer on the Answer Sheet using only **BLACK/ BLUE INK BALL POINT PEN**.
6. There is no Negative Marking.
7. Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt as per rules.
8. Please fill your Roll Number and Series printed on Question Paper Booklet on O.M.R. Answer Sheet, carefully and correctly.
9. Answer to the question by darkening multiple circles/spreading of ink or darkening the circle by wrong method shall not be evaluated.
10. Answer to the question by using whitener or eraser or using any other method to erase the darkened circle, shall not be evaluated.
11. Use only blue/black ink ball point pen in OMR answer sheet. In case of use of pencil or ball point pen of any other ink, answer sheet shall not be evaluated.

Warning : Candidate using unfair means in the exam will be disqualified & action as per law shall be taken.

A बुकलेट सीरीज़

पूर्णांक / Maximum Marks : 150

निर्देश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
2. प्रत्येक प्रश्न का एक अंक है।
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर दीजिए।
4. प्रश्नों के उत्तर पृथक से दिये गये ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर अंकित करें।
5. प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः 1,2,3,4 अंकित किया गया है, जिनमें से एक सही है। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को **काली / नीली स्याही के बॉल प्वॉइंट पेन** का प्रयोग करते हुए सही तरीके से गहरा करना है।
6. कोई नकारात्मक अंकन नहीं है।
7. परीक्षा हॉल में मोबाईल फोन अथवा इलेक्ट्रॉनिक यंत्र पूर्णतः वर्जित है। किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी वर्जित सामग्री पाये जाने पर उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जावेगी।
8. कृपया अपना रोल नम्बर एवं प्रश्न–पत्र पुस्तिका पर अंकित सीरीज़ ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर सावधानी पूर्वक एवं सही भरें।
9. एक से अधिक गोले भरने / स्याही फैलाने या गलत तरीके से गोला भरने पर उस उत्तर का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।
10. भरे गये गोले को व्हाइटनर या रबड़ या किसी अन्य तरीके से मिटाने पर उस उत्तर का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।
11. ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक में केवल नीली / काली स्याही के बॉल प्वॉइंट पेन का प्रयोग करें। पेंसिल या अन्य किसी स्याही के बॉल प्वॉइंट पेन का प्रयोग करने पर उत्तर–पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा।

चेतावनी : परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर अभ्यर्थी को अयोग्य घोषित कर दिया जायेगा एवं विधि अनुसार कार्यवाही की जायेगी।

1. If the Magistrate not empowered by law to do, erroneously in good faith does that thing, then, which among the following is an irregularity, wherein, proceedings shall not be set aside merely on the ground of his not being so empowered?

(1) To tender a pardon under section 306 of the Code of Criminal Procedure, 1973

(2) To hold an inquest under section 176 of the Code of Criminal Procedure, 1973

(3) Tries an offender summarily

(4) To order, under section 155 of the Code of Criminal Procedure, 1973, the police to investigate an offence

यदि कोई मजिस्ट्रेट विधि द्वारा सशक्त नहीं होते हुए भी गलती से सद्भावनापूर्वक उस बात को करता है, तो निम्नलिखित में से कौनसी ऐसी अनियमितता है, जिसमें केवल इस आधार पर कि वह ऐसे सशक्त नहीं था, कार्यवाही को अपास्त नहीं किया जाएगा?

(1) दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 306 के अंतर्गत क्षमादान प्रदान करना

(2) दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 176 के अधीन मृत्यु–समीक्षा करना

(3) किसी अपराधी का संक्षेपतः विचारण करना

(4) किसी अपराध का अन्वेषण करने के लिए दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 155 के अधीन पुलिस को आदेश देना

2. Ramsingh is sentenced by the court for one year rigorous imprisonment and it is also ordered to keep him in solitary confinement for a period of one month. In this situation, in executing the sentence of solitary confinement -

(1) such confinement shall in no case exceed fourteen days at a time, with intervals between the periods of solitary confinements of not less duration than such periods.

(2) such confinement shall in no case exceed fourteen days in every two months, with intervals between the periods of solitary confinements of not less duration than such periods.

(3) the solitary confinement shall not exceed seven days in every two months of the whole imprisonment awarded, with intervals between the periods of solitary confinements of not less duration than such periods.

(4) the solitary confinement shall not exceed seven days in any one month of the whole imprisonment awarded, with intervals between the periods of solitary confinements of not less duration than such periods.

रामसिंह को न्यायालय द्वारा दोषसिद्ध करते हुए एक वर्ष के कठिन कारावास से दण्डित किया जाता है तथा यह भी आदेश दिया जाता है कि उसे एक माह की अवधि के लिए एकान्त परिरोध में रखा जावे। ऐसी परिस्थिति में, एकांत परिरोध के दण्डादेश के निष्पादन में –

(1) ऐसा परिरोध किसी दशा में भी एक बार में चौदह दिन से अधिक न होगा, साथ ही साथ ऐसे एकांत परिरोध की कालावधियों के बीच में उन कालावधियों से अन्यून अंतराल होंगे।

(2) ऐसा परिरोध किसी दशा में भी प्रत्येक दो मास में चौदह दिन से अधिक न होगा, साथ ही साथ ऐसे एकांत परिरोध की कालावधियों के बीच में उन कालावधियों से अन्यून अंतराल होंगे।

(3) संपूर्ण कारावास के प्रत्येक दो मास में एकांत परिरोध सात दिन से अधिक न होगा, साथ ही एकांत परिरोध की कालावधियों के बीच में उन्हीं कालावधियों से अन्यून अंतराल होंगे।

(4) संपूर्ण कारावास के किसी एक मास में एकांत परिरोध सात दिन से अधिक न होगा, साथ ही एकांत परिरोध की कालावधियों के बीच में उन्हीं कालावधियों से अन्यून अंतराल होंगे।

3. "In the process of legitimate arrest of a person by any police officer, if such person forcibly resists the endeavor to arrest him or attempts to evade the arrest, such police officer may use all means necessary to effect the arrest."
For the accusation of which of the following offences, such provision gives a right to cause even death-

(1) 302 Indian Penal Code
(2) 376C Indian Penal Code
(3) 398 Indian Penal Code
(4) All of the above

"किसी पुलिस अधिकारी द्वारा किसी व्यक्ति को वैध रूप से गिरफ्तार करने के प्रक्रम में यदि वह व्यक्ति अपने गिरफ्तार किए जाने के प्रयास का बलात प्रतिरोध करता है या गिरफ्तारी से बचने का प्रयास करता है, तो पुलिस अधिकारी गिरफ्तारी करने के लिए आवश्यक सब साधनों को उपयोग में ला सकता है।"
निम्न में से किस अपराध के अभियोग में उक्त प्रावधान मृत्यु तक कारित करने का अधिकार देता है–

(1) 302 भारतीय दण्ड संहिता
(2) 376ग भारतीय दण्ड संहिता
(3) 398 भारतीय दण्ड संहिता
(4) उपरोक्त सभी

4. A report made by a police officer in a case which discloses, after investigation, the commission of a non-cognizable offence shall -

(1) be deemed to be charge-sheet; and the person who lodged the First Information Report shall be deemed to be the complainant.
(2) be deemed to be a complaint; and the police officer by whom such report is made shall be deemed to be the complainant.
(3) not be deemed to be a complaint, however, Assistant Public Prosecutor shall represent the complainant.
(4) be deemed to be a complaint; and the Assistant Public Prosecutor shall be deemed to be the complainant.

एक मामले में, जिसमें अन्वेषण के पश्चात् किसी असंज्ञेय अपराध का किया जाना प्रकट होने पर पुलिस अधिकारी द्वारा की गई रिपोर्ट –

(1) आरोप–पत्र समझी जाएगी और प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने वाला व्यक्ति परिवादी समझा जाएगा।

(2) परिवाद समझी जाएगी और वह पुलिस अधिकारी जिसके द्वारा ऐसी रिपोर्ट की गई है, परिवादी समझा जाएगा।

(3) परिवाद नहीं समझी जाएगी, हालांकि सहायक लोक अभियोजक परिवादी का प्रतिनिधित्व करेगा।

(4) परिवाद समझी जाएगी और सहायक लोक अभियोजक परिवादी समझा जाएगा।

5. When does the "Stolen Property" cease to be the stolen property?

(1) If, it is recovered by the police from the possession of the receiver of stolen property.

(2) If, it comes into the possession of a person legally entitled to the possession thereof.

(3) If, the receiver of stolen property sells it to some other person.

(4) If, it deteriorates up to the extent so as to make its market value to be zero.

कब "चुराई हुई संपत्ति" चुराई हुई सम्पत्ति नहीं रह जाती है?

(1) यदि, यह चुराई हुई सम्पत्ति के प्राप्तकर्ता के कब्जे से पुलिस द्वारा बरामद कर ली जाए।

(2) यदि, यह ऐसे व्यक्ति के कब्जे में पहुंच जाती है, जो उसके कब्जे के लिए वैध रूप से हकदार है।

(3) यदि, चुराई हुई सम्पत्ति का प्राप्तकर्ता इसे किसी अन्य व्यक्ति को बेच देता है।

(4) यदि, यह इस हद तक खराब हो जाए कि इसका बाजार मूल्य शून्य हो जाए।

6. Bilal Khan is co-accused in a murder case, who has been granted tender of pardon under section 306 of the Code of Criminal Procedure, 1973. During trial he gives evidence against the prosecution & Public Prosecutor certifies that Bilal Khan, by giving false evidence, has not complied with the condition on which the tender was made. In these circumstances -

(1) Bilal Khan shall be tried jointly with other accused, for the offence of murder but the witnesses already examined shall be called again for evidence.

(2) Bilal Khan shall not be tried jointly with other accused, for the offence of murder, rather, he shall be tried separately for the offence of murder.

(3) If the trial has been completed or is about to complete, then Bilal Khan shall be tried separately for the offence of murder and if the trial is at the preliminary stage, then he shall be tried jointly with other accused, for the offence of murder

(4) It is the matter of discretion of the court, as to whether Bilal Khan shall be tried jointly with other accused or separately, for the offence of murder.

बिलाल खान हत्या के मामले में सह–अभियुक्त है जिसे दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 306 के अंतर्गत क्षमा–दान दिया जाता है। विचारण के दौरान वह अभियोजन के विपरीत साक्ष्य देता है तथा लोक अभियोजक यह प्रमाणित करता है कि बिलाल खान ने मिथ्या साक्ष्य देकर उस शर्त की पालना नहीं की है जिस पर उसे क्षमा–दान दिया गया था। ऐसी परिस्थितियों में –

(1) बिलाल खान का अन्य अभियुक्तगण के साथ हत्या के अपराध के लिए विचारण किया जाएगा परन्तु जिन गवाहान की साक्ष्य लेखबद्ध हो चुकी है, उन्हें पुनः साक्ष्य हेतु तलब किया जाएगा।

(2) बिलाल खान का विचारण अन्य अभियुक्तगण के साथ हत्या के अपराध के लिए संयुक्ततः नहीं किया जाएगा बल्कि हत्या के अपराध के लिए उसका पृथक से विचारण किया जाएगा।

(3) यदि उस मामले में विचारण पूर्ण हो चुका है या पूर्ण होने को है, तो बिलाल खान का हत्या के अपराध के लिए विचारण पृथक से किया जाएगा एवं यदि विचारण प्रारम्भिक स्टेज पर है, तो हत्या के अपराध के लिए उसका विचारण अन्य अभियुक्तगण के साथ संयुक्ततः किया जाएगा।

(4) बिलाल खान का हत्या के अपराध के लिए विचारण अन्य अभियुक्तगण के साथ संयुक्ततः किया जाना है या पृथक से किया जाना है, यह न्यायालय के विवेक का विषय है।

7. Information is given during the course of hearing of a matter in a court that the person wanted in that matter, against whom a non-bailable warrant has been issued, is sitting outside a nearby court. No police officer is present in the court room at that time. While providing a non-bailable warrant, the presiding officer orders a private person present in the court that such person be arrested and produced before the court immediately. Which of the following statement is correct regarding validity of such order?

(1) Order of the court is proper.

(2) If no police officer is present in the court room, then, police officer is to be searched in the court complex and warrant is to be entrusted to such police officer and in the event of non-availablity of a police officer in the court complex, such warrant can be given to a private person.

(3) Station officer of the police station having jurisdiction of that matter, is to be ordered to send a suitable police officer to the court and warrant is to be entrusted to such police officer.

(4) Such warrant cannot be entrusted to private person without his consent, however, if such private person gives his consent in writing, then warrant can be entrusted to him.

किसी न्यायालय में किसी मामले की सुनवाई के दौरान यह सूचना दी जाती है कि उस मामले में वांछित व्यक्ति, जिसके विरुद्ध पूर्व से गिरफ्तारी वारण्ट जारी है, पास ही के न्यायालय के बाहर बैठा हुआ है। न्यायालय कक्ष में उस समय कोई भी पुलिस अधिकारी मौजूद नहीं है। पीठासीन अधिकारी न्यायालय में मौजुद एक प्राईवेट व्यक्ति को एक गिरफ्तारी वारण्ट देते हुए आदेश देता है कि उक्त व्यक्ति को अविलम्ब गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जाए।

उक्त आदेश की विधिमान्यता के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही है?

(1) न्यायालय का आदेश उचित है।

(2) यदि न्यायालय कक्ष में कोई पुलिस अधिकारी नहीं है, तो पहले न्यायालय परिसर में किसी पुलिस अधिकारी को तलाश किया जाना चाहिए तथा उसे ऐसा वारण्ट न्यस्त किया जाना चाहिए तथा न्यायालय परिसर में कोई पुलिस अधिकारी नहीं होने की सूरत में ही प्राईवेट व्यक्ति को वारण्ट दिया जा सकता है।

(3) उस मामले के क्षेत्राधिकार के थाने के भारसाधक अधिकारी को अविलम्ब किसी सुयोग्य पुलिस अधिकारी को न्यायालय भेजने के लिए आदेशित किया जाना चाहिए एवं ऐसे पुलिस अधिकारी को वारण्ट न्यस्त किया जाना चाहिए।

(4) प्राईवेट व्यक्ति की मर्जी के बिना ऐसा वारण्ट उसे न्यस्त नहीं किया जा सकता है, हालांकि यदि ऐसा प्राईवेट व्यक्ति लिखित में अपनी सहमति प्रकट करता है, तो उसे ऐसा वारण्ट न्यस्त किया जा सकता है।

8. Kamlesh asked to his attorney that "I have destroyed my mobile and want to implicate Mandeep by concocting a false case of the theft of that mobile. Please prepare a complaint of theft of my mobile by Mandeep."

Which of the following statement is correct, with reference to Section 126 of Indian Evidence Act, 1872?

(1) Above conversation is protected from disclosure.

(2) Above conversation is not protected from disclosure.

(3) Oral conversation is not protected from disclosure, although if such statement is in writing, then it is protected.

(4) Above conversation is protected from disclosure or not, it depends upon the fact that such complaint is prepared by the attorney or not. If complaint is prepared then it is protected from disclosure otherwise not.

कमलेश अपने वकील से कहता है कि "मैने अपना मोबाईल नष्ट कर दिया है तथा उस मोबाईल की चोरी का झूठा केस बनाकर मनदीप को चोरी के केस में फसाना चाहता हूं। कृपया मेरे मोबाईल को मनदीप द्वारा चुराने का परिवाद तैयार कर दो।"

भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा 126 के संदर्भ में निम्न में से कौनसा कथन सत्य है?

(1) उक्त वार्ता प्रकटन से संरक्षित है।

(2) उक्त वार्ता प्रकटन से संरक्षित नहीं है।

(3) मौखिक वार्ता प्रकटन से संरक्षित नहीं है, हालांकि यदि ऐसा कथन लिखित में है, तो यह संरक्षित है।

(4) उक्त वार्ता प्रकटन से संरक्षित है या नहीं, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि अधिवक्ता द्वारा ऐसा परिवाद तैयार किया गया है या नहीं। यदि परिवाद तैयार किया गया है, तो यह प्रकटन से संरक्षित है, अन्यथा नहीं।

9. As per the provisions of the Indian Evidence Act, 1872, the "Court" includes -

(1) all Judges and Magistrates and all persons, except arbitrators, legally authorized to take evidence.

(2) all Judges and Magistrates, and all persons, legally authorised to take evidence.

(3) all the Supreme Court Judges, High Court Judges, District Judges, Senior Civil Judges & Civil Judges and all persons legally authorised to take evidence.

(4) all Judges and Magistrates and all persons, legally authorised to take evidence, which includes the arbitrators also.

भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के प्रावधानों के अनुसार, "न्यायालय" शब्द के अंतर्गत आते हैं –

(1) सभी न्यायाधीश और मजिस्ट्रेट तथा मध्यस्थों के सिवाय साक्ष्य लेने के लिए वैध रूप से प्राधिकृत सभी व्यक्ति।

(2) सभी न्यायाधीश और मजिस्ट्रेट तथा साक्ष्य लेने के लिए वैध रूप से प्राधिकृत सभी व्यक्ति।

(3) सभी उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश, उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, जिला न्यायाधीश, वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं सिविल न्यायाधीश और साक्ष्य लेने के लिए वैध रूप से प्राधिकृत सभी व्यक्ति।

(4) सभी न्यायाधीश और मजिस्ट्रेट तथा साक्ष्य लेने के लिए वैध रूप से प्राधिकृत सभी व्यक्ति जिनमें मध्यस्थ भी शामिल हैं।

10. An attested document not required by law to be attested-

(1) Has to be necessarily proved by examining an attesting witness.

(2) May be proved as if it is unattested.

(3) Is inadmissible in evidence.

(4) Can only be proved by examining its executant.

एक अनुप्रमाणिक दस्तावेज, जिसका अनुप्रमाणित होना विधि द्वारा अपेक्षित नहीं है–

(1) को आवश्यक रूप से एक अनुप्रमाणक साक्षी को परीक्षित कराकर साबित किया जा सकता है।

(2) ऐसे साबित की जा सकेगी मानो वह अनुप्रमाणित नहीं हो।

(3) साक्ष्य में अग्राह्य है।

(4) इसके निष्पादक को परीक्षित करके ही साबित किया जा सकता है।

11. A written complaint regarding commission of a cognizable offence is received to the Director General of Police of the State, who, started investigation after entering it in the register being maintained under section 154 of the Code of Criminal Procedure, 1973, in the concerned Police Station.

In these circumstances, which of the following statement is correct?

(1) Procedure is correct because Director General is having powers of the Station House Officer of the Police Station.

(2) Procedure is wrong because Director General is not having powers of the Station House Officer of the Police Station, he has to forward the matter to the Station House Officer of concerned Police Station.

(3) Procedure is not correct but not even wrong but irregular. He can do so being senior police officer even without having the powers of the Station House Officer of the Police Station.

(4) Procedure is correct only if, Director General withdraws the powers of Station House officer of concerned Police Station and gives it to himself, then he is fully empowered to do so.

राज्य के पुलिस महानिदेशक को एक संज्ञेय अपराध के संबन्ध में लिखित परिवाद प्राप्त होता है, जिसे वह संबन्धित थाने में दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 154 के अंतर्गत संधारित किए जा रहे रजिस्टर में दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ कर देता है।

ऐसी परिस्थितियों में, निम्न में से कौनसा कथन सही है?

(1) प्रक्रिया सही है चूंकि पुलिस महानिदेशक को भी थाने के भारसाधक अधिकारी की शक्तियां प्राप्त हैं।

(2) प्रक्रिया गलत है चूंकि पुलिस महानिदेशक को थाने के भारसाधक अधिकारी की शक्तियां प्राप्त नहीं हैं अतः उसे मामला संबन्धित थाने के भारसाधक अधिकारी को प्रेषित करना चाहिए।

(3) प्रक्रिया सही नहीं है परन्तु गलत भी नहीं है अपितु अनियमित है। पुलिस महानिदेशक को थाने के भारसाधक अधिकारी की शक्तियां नहीं होते हुए भी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी होने के कारण वह ऐसा कर सकता है।

(4) प्रक्रिया केवल तभी सही है जबकि पुलिस महानिदेशक, सम्बन्धित थाने के भारसाधक अधिकारी से उसकी शक्तियां वापस ले ले तथा स्वयं को दे दे, तब वह ऐसा करने में पूर्णतया सक्षम है।

12. When the person required by any court to execute a bond is a minor, such court, in lieu thereof -

(1) may accept a bond executed by the minor & countersigned by the mother or father of the minor.

(2) may accept a bond executed by the minor & countersigned by the mother and father of the minor.

(3) may accept a bond executed by a surety or sureties only.

(4) may accept a bond executed by the minor & countersigned by the mother or father or guardian of the minor.

यदि बन्धपत्र निष्पादित करने के लिए किसी न्यायालय द्वारा अपेक्षित व्यक्ति अवयस्क है, तो वह न्यायालय उसके बदले में –

(1) अवयस्क द्वारा निष्पादित तथा अवयस्क के माता या पिता द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित बन्धपत्र स्वीकार कर सकता है।

(2) अवयस्क द्वारा निष्पादित तथा अवयस्क के माता एवं पिता द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित बन्धपत्र स्वीकार कर सकता है।

(3) केवल प्रतिभू या प्रतिभूओं द्वारा निष्पादित बन्धपत्र स्वीकार कर सकता है।

(4) अवयस्क द्वारा निष्पादित तथा अवयस्क के माता या पिता या संरक्षक द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित बन्धपत्र स्वीकार कर सकता है।

13. Saurabh sues Bhasker for Rs. 1,000/- and shows entries in his account books showing Bhasker to be indebted to him to this amount. These entries are -

(1) Neither relevant nor sufficient, without other evidence, to prove the debt.

(2) Relevant, but are not sufficient, without other evidence, to prove the debt.

(3) Relevant and also sufficient, without any other evidence, to prove the debt.

(4) The conclusive proof to prove the debt.

सौरभ, भास्कर पर 1000/– रुपयों के लिए वाद लाता है और अपनी लेखा बहियों की वे प्रविष्टियां दर्शित करता है, जिनमें भास्कर को इस रकम के लिए उसका ऋणी दर्शित किया गया है। ये प्रविष्टियां –

(1) न तो सुसंगत हैं, ना ही ऋण साबित करने के लिए अन्य साक्ष्य के बिना पर्याप्त हैं।

(2) सुसंगत हैं, किन्तु ऋण साबित करने के लिए अन्य साक्ष्य बिना पर्याप्त नहीं हैं।

(3) सुसंगत हैं एवं ऋण साबित करने के लिए अन्य साक्ष्य के बिना पर्याप्त भी हैं।

(4) ऋण को साबित करने के लिए निश्चायक सबूत हैं।

14. What shall be the description of imprisonment in default of payment of fine?

(1) Simple imprisonment

(2) Rigorous imprisonment

(3) Same description to which the offender is sentenced for the offence

(4) Any description to which the offender might have been sentenced for the offence

जुर्माना देने में व्यतिक्रम होने पर किस भांति का कारावास दिया जाएगा?

(1) सादा कारावास

(2) कठोर कारावास

(3) उसी भांति का होगा, जिससे अपराधी को उस अपराध के लिए दण्डादिष्ट किया गया है

(4) किसी भांति का हो सकेगा, जिससे अपराधी को उस अपराध के लिए दण्डादिष्ट किया जा सकता था

15. What are the descriptions of imprisonment under the provisions of the Indian Penal Code, 1860?

(1) Death, Imprisonment for life, Rigorous & simple imprisonment, Forfeiture of property and Fine

(2) Death, Imprisonment for life, Rigorous & simple imprisonment and Fine

(3) Rigorous, that is, with hard labour and simple

(4) Imprisonment for life, Rigorous & simple imprisonment and Fine

भारतीय दण्ड संहिता, 1860 प्रावधानों के अंतर्गत कारावास के प्रकार क्या हैं?

(1) मृत्यु, आजीवन कारावास, कठोर एवं सादा कारावास, सम्पत्ति का समपहरण एवं जुर्माना

(2) मृत्यु, आजीवन कारावास, कठोर एवं सादा कारावास एवं जुर्माना

(3) कठोर, जो कि, कठोर श्रम के साथ और सादा

(4) आजीवन कारावास, कठोर एवं सादा कारावास एवं जुर्माना

16. The question is, whether Hariom delivered the milk at House Number 8 at 07.30 am on 10.10.2024. Evidence was produced before the court that he delivered milk at house Numbers 5, 6, 7 and 9 of the same colony at 07.00 am, 07.10 am, 07.20 am & 07.40 am, respectively, the same morning. Whether such deliveries are-

(1) the relevant facts.

(2) not the relevant facts.

(3) the conclusive proof of delivery of milk at House No. 8 at 07.30 am.

(4) None of the above

प्रश्न यह है, क्या हरिराम ने मकान नम्बर 8 पर दिनांक 10.10.2024 को सुबह साढ़े सात बजे दूध वितरण किया। न्यायालय के समक्ष साक्ष्य पेश की गई कि उसने उसी कालोनी में मकान नम्बर 5, 6, 7 एवं 9 पर उसी सुबह क्रमशः 07.00, 07.10, 07.20 एवं 07.40 बजे दूध वितरित किया था। क्या ऐसे वितरण –

(1) सुसंगत तथ्य हैं।

(2) सुसंगत तथ्य नहीं है।

(3) मकान नम्बर 8 पर सुबह 07.30 बजे दूध वितरण करने का निश्चयात्मक सबूत है।

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

17. A person, who has committed the offence of concealing design to commit offence punishable with imprisonment, if the offence is not committed, shall be punished -

(1) With imprisonment of the description provided for the offence for a term which may extent to one-fourth of the longest term of such imprisonment or with such fine as is provided for the offence or with both

(2) With imprisonment of the description provided for the offence for a term which may extent to one-eight of the longest term of such imprisonment or with such fine as is provided for the offence or with both

(3) With imprisonment of the description provided for the offence for a term which may extent to half of the longest term of such imprisonment or with such fine as is provided for the offence or with both

(4) With imprisonment of the description provided for the offence or with such fine as is provided for the offence or with both

एक व्यक्ति, जिसने कारावास से दण्डनीय अपराध करने की परिकल्पना को छिपाने का अपराध कारित किया है, यदि वह अपराध नहीं किया जाता, दण्डित किया जाएगा–

(1) उस अपराध के लिए उपबन्धित भांति के कारावास से, जिसकी अवधि ऐसे कारावास की दीर्घतम अवधि की एक–चौथाई तक की हो सकेगी या ऐसे जुर्माने से, जो उस अपराध के लिए उपबंधित है, या दोनों से

(2) उस अपराध के लिए उपबन्धित भांति के कारावास से, जिसकी अवधि ऐसे कारावास की दीर्घतम अवधि के आठवें भाग तक की हो सकेगी या ऐसे जुर्माने से, जो उस अपराध के लिए उपबंधित है, या दोनों से

(3) उस अपराध के लिए उपबन्धित भांति के कारावास से, जिसकी अवधि ऐसे कारावास की दीर्घतम अवधि के आधे तक की हो सकेगी या ऐसे जुर्माने से, जो उस अपराध के लिए उपबंधित है, या दोनों से

(4) उस अपराध के लिए उपबन्धित भांति के कारावास से या ऐसे जुर्माने से, जो उस अपराध के लिए उपबंधित है, या दोनों से

18. A Magistrate of 1st class convict the offender for the offence punishable under section 498A & 406 Indian Penal Code and sentenced him to undergo imprisonment for 3 years for each offence. There is no order of running both the punishments concurrently.
In these circumstances, which of the following statement is correct?

(1) Both the imprisonments shall run one after one. Because, the Magistrate of 1st class is empowered to pass a sentence of maximum 3 years, therefore, Magistrate has to send the offender for trial to a higher court.

(2) Because the offender is sentenced for 2 offences in a single trial, therefore, both the sentences shall run concurrently even in absence of such an order.

(3) Both the imprisonment shall commence one after one and it is not necessary for the court to send the offender for trial to a higher court.

(4) Order is illegal because the offender is convicted for 2 offences in a single trial, that's why magistrate is duty bound to pass an order for commencement of both the imprisonments concurrently.

एक प्रथम वर्ग न्यायिक मजिस्ट्रेट किसी मामले के विचारण में किसी अपराधी को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 498ए व 406 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध के लिए दोषसिद्ध करता है तथा प्रत्येक अपराध के लिए 3–3 साल के कारावास से दण्डित करता है। दोनों सजाएं साथ–साथ चलने का आदेश पारित नहीं करता है। ऐसी परिस्थितियों में निम्न में से कौनसा कथन सही है?

(1) दोनों सजाएं एक के बाद एक चलेंगी। चूंकि प्रथम वर्ग मजिस्ट्रेट अधिकतम तीन वर्ष के कारावास का दण्डादेश देने में सक्षम है, अतः मजिस्ट्रेट को अपराधी को उच्चतर न्यायालय के समक्ष विचारण के लिए प्रेषित करना होगा।

(2) चूंकि अपराधी को एक ही विचारण में दो अपराधों के लिए दोषसिद्ध किया गया है अतः ऐसा आदेश नहीं होने पर भी दोनों सजाएं साथ–साथ ही चलेंगी।

(3) दोनों सजाएं एक के बाद एक प्रारम्भ होंगी तथा न्यायालय के लिए यह आवश्यक नहीं है कि अपराधी को उच्चतर न्यायालय के समक्ष विचारण के लिए भेजे।

(4) आदेश अवैध है चूंकि अपराधी को एक ही विचारण में दो अपराधों के लिए दोषसिद्ध किया गया है, इस कारण से मजिस्ट्रेट दोनों सजाएं साथ–साथ चलने का आदेश देने के लिए बाध्य है।

19. Jatin shakes his fist towards Shriyash intending it that he may thereby cause Shriyash to believe that Jatin is about to strike him. Jatin has committed-

(1) the offence of an assault.

(2) the offence of using criminal force.

(3) the offence of using force.

(4) not committed any offence.

जतिन अपना मुक्का श्रीयश की ओर इस आशय से हिलाता है कि श्रीयश को यह विश्वास हो जाए कि जतिन उसे मारने वाला ही है। जतिन ने –

(1) हमला करने का अपराध कारित किया है।

(2) आपराधिक बल का प्रयोग करने का अपराध कारित किया है।

(3) बल का प्रयोग करने का अपराध कारित किया है।

(4) कोई अपराध कारित नहीं किया है।

20. According to section 57 of Indian Evidence Act, 1872, which of the following is not a judicially noticeable fact?

(1) All public Acts passed or hereafter to be passed by Parliament of the United Kingdom, and all local and personal Acts directed by Parliament of the United Kingdom to be judicially noticed

(2) The accession and the sign manual of the Sovereign for the time being of the United Kingdom of Great Britain and Ireland

(3) The course of proceeding of Parliament of the United Kingdom, of the Constituent Assembly of India, of Parliament and of the legislatures established under any laws for the time being in force in a Province or in the States

(4) The territories under the dominion of the Government of India, United Kingdom of Great Britain and Ireland.

भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा 57 के अनुसार, निम्न में से कौनसा एक न्यायिक रूप से अवेक्षणीय तथ्य नहीं है?

(1) यूनाइटेड किंगडम की पार्लियामेन्ट द्वारा पारित या एतत्पश्चात् पारित किए जाने वाले समस्त पब्लिक एक्ट तथा वे समस्त स्थानीय और पर्सनल एक्ट जिनके बारे में यूनाइटेड किंगडम की पार्लियामेन्ट ने निर्दिष्ट किया है कि उनकी न्यायिक अवेक्षा की जाये।

(2) ग्रेट ब्रिटेन और आयरलैंड की यूनाइटेड किंगडम के तत्समय प्रभु का राज्यारोहण और राजहस्ताक्षर।

(3) यूनाइटेड किंगडम की पार्लियामेन्ट की, भारत की संविधान सभा की, संसद की तथा किसी प्रान्त या राज्यों में तत्समय प्रवृत्त विधियों के अधीन स्थापित विधान–मण्डलों की कार्यवाही का अनुक्रम।

(4) भारत सरकार, यूनाइटेड किंगडम ऑफ ग्रेट ब्रिटेन एवं आयरलैंड के आधिपत्य के अधीन राज्य–क्षेत्र।

21. Dinesh and Ajit are rivals in pistol shooting competitions and despite being a good shooter, Ajit always loses to Dinesh. While the competition was going on, suddenly, a lion appears and started dragging Dinesh away. To save Dinesh, Ajit takes out his revolver and fires at the lion, but the bullet hits Dinesh instead of the lion and he dies on the spot.
Which of the following statement is correct in the above circumstances?

(1) Ajit has not committed any offence.

(2) Ajit has committed offence of culpable homicide not amounting to murder punishable under section 304 of the Indian Penal Code, 1860.

(3) Ajit has committed offence of culpable homicide amounting to murder punishable under section 302 of the Indian Penal Code, 1860.

(4) Ajit has committed offence of causing death by negligence punishable under section 304A of the Indian Penal Code, 1860.

दिनेश तथा अजीत पिस्टल निशानेबाजी प्रतियोगिताओं में परस्पर प्रतिद्वंद्वी हैं तथा अच्छा निशानेबाज होने के बावजूद अजीत हमेशा ही दिनेश से हार जाता है। जब प्रतियोगिता चल रही थी, तभी अचानक वहां एक शेर आ जाता है तथा दिनेश को घसीटकर ले जाने लगता है। दिनेश को बचाने के लिए, अजीत अपना रिवाल्वर निकालता है तथा शेर पर फायर करता है, परन्तु गोली शेर के बजाय दिनेश को लगती है तथा उसकी मौके पर ही मृत्यु कारित हो जाती है।

उपरोक्त परिस्थितियों में कौनसा कथन सही है?

(1) अजीत ने कोई अपराध कारित नहीं किया।

(2) अजीत ने भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 304 के अंतर्गत दण्डनीय हत्या की श्रेणी में नहीं आने वाला आपराधिक मानव वध का अपराध कारित किया है।

(3) अजीत ने भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 302 के अंतर्गत दण्डनीय हत्या की श्रेणी में आने वाला आपराधिक मानव वध का अपराध कारित किया है।

(4) अजीत ने भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 304ए के अंतर्गत दण्डनीय उपेक्षा द्वारा मृत्यु कारित करने का अपराध कारित किया है।

22. Which of the following match is not correct in context of Indian Evidence Act, 1872?

(1) Section 74 – Public Document

(2) Section 137 – Examination in Chief

(3) Section 122 – Communications during marriage

(4) Section 125 – Official Communication

भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के परिप्रेक्ष्य में निम्न में से कौनसा युग्म सही नहीं है?

(1) धारा 74 – लोक दस्तावेज

(2) धारा 137 – मुख्य परीक्षा

(3) धारा 122 – विवाहित स्थिति के दौरान में की गई संसूचनाएं

(4) धारा 125 – शासकीय संसूचनाएं

23. Harish wanted to clean a dense forest. He disclosed his wish to Ramesh to set the forest afire. Ramesh replied that if any person would be in the forest then he may die. On this, Harish said that it is correct that death may be caused but this is the easiest way to clean the forest. Harish set the forest afire, resultantly, a woodcutter Ramu dies. Harish was not intending to cause the death of Ramu and he may even be sorry that death of an innocent person has been caused by his act. Above act of Harish -

(1) Does not come under the category of voluntarily causing death of Ramu because his intention was not to cause death.

(2) Comes under the category of voluntarily causing death of Ramu.

(3) Does not come under the category of voluntarily causing death of Ramu because Ramu himself risked his life, he must have run away from the forest.

(4) Comes under the category of causing death by rash or negligent act but does not come under the category of voluntarily causing death.

हरीश एक घने जंगल को साफ करना चाहता था। उसने रमेश को जंगल में आग लगाने की अपनी इच्छा प्रकट की। रमेश ने उत्तर दिया कि यदि कोई व्यक्ति जंगल में होगा, तो उसकी मृत्यु कारित हो सकती है जिस पर हरीश कहता है कि यह तो सही है कि मृत्यु हो सकती है परन्तु जंगल को साफ करने का सबसे आसान तरीका यही है। हरीश जंगल में आग लगा देता है, परिणामस्वरूप, एक लकड़हारे रामू की मृत्यु कारित हो जाती है। हरीश का आशय रामू की मृत्यु कारित करने का नहीं था तथा वह बहुत दुखी होता है कि उसके कार्य से एक निर्दोष व्यक्ति की मृत्यु कारित हो गई है। हरीश का उक्त कार्य –

(1) रामू की स्वेच्छया मृत्यु कारित करने की श्रेणी में नहीं आता है चूंकि उसका आशय मृत्यु कारित करना नहीं था।

(2) रामू की स्वेच्छया मृत्यु कारित करने की श्रेणी में आता है।

(3) रामू की स्वेच्छया मृत्यु कारित करने की श्रेणी में नहीं आता है चूंकि रामू ने स्वयं अपने जीवन को खतरे में डाला है, उसे जंगल से भाग जाना चाहिए था।

(4) उतावलेपन या लापरवाही पूर्ण कार्य से मृत्यु कारित करने की श्रेणी में आता है परन्तु स्वेच्छया मृत्यु कारित करने की श्रेणी में नहीं आता है।

24. Shreyash is accused of a case of murder. Whether following facts are relevant?

(A) The fact that, soon after the commission of the crime, Shreyash absconded from his house.

(B) The fact that, at the time when he left home, he had sudden and urgent business at the place to which he went.

(1) (B) is relevant but (A) is not relevant

(2) Neither (A) is relevant nor (B)

(3) (A) is relevant but (B) is not relevant

(4) (A) & (B) both are relevant

श्रेयश एक हत्या के मामले का अभियुक्त है। क्या निम्न तथ्य सुसंगत हैं?

(अ) तथ्य कि अपराध के कारित होने के तुरन्त बाद, श्रेयश अपने घर से फरार हो गया।

(ब) तथ्य कि उस समय जब वह घर से चला था, उसका उस स्थान में जहां वह गया था, अचानक एवं आवश्यक कार्य था।

(1) (ब) सुसंगत है परन्तु (अ) सुसंगत नहीं है

(2) न तो (अ) सुसंगत है, ना (ब)

(3) (अ) सुसंगत है परन्तु (ब) सुसंगत नहीं है

(4) (अ) और (ब) दोनों सुसंगत हैं

25. "Bribery" is defined in which section of Indian Penal Code, 1860?

(1) 171-A

(2) 171-B

(3) 171-C

(4) 171-D

"रिश्वत" को भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की किस धारा में परिभाषित किया गया है?

(1) 171–क

(2) 171–ख

(3) 171–ग

(4) 171–घ

26. Where the mortgagor delivers possession of the mortgaged property to the mortgagee, and authorized him to retain such possession until payment of the mortgage money, and to receive the rents and profits accruing from the property and to appropriate the same in lieu of interest or in payment of the mortgage money, the transaction is called -

(1) Simple mortgage

(2) English mortgage

(3) Mortgage by conditional sale

(4) Usufructuary mortgage

जहां कि बन्धककर्ता बन्धक–सम्पत्ति का कब्जा बन्धकदार को परिदत्त कर देता है और उसे प्राधिकृत करता है कि बन्धक धन का संदाय किए जाने तक वह ऐसा कब्जा प्रतिधृत करे और उस सम्पत्ति में प्रोदभूत भाटकों और लाभों को प्राप्त करे और उन्हे ब्याज मद्धे या बन्धक धन के संदाय में विनियोजित कर ले, ऐसा संव्यवहार कहलाता है –

(1) सादा बन्धक

(2) अंग्रेजी बन्धक

(3) सशर्त विक्रय द्वारा बन्धक

(4) भोग बन्धक

27. Every transfer of immovable property made with intent to defeat or delay the creditor or the transferor shall be -

(1) Valid, can be liable in criminal law.

(2) Void.

(3) Voidable at the option of any creditor.

(4) Unlawful.

स्थावर सम्पत्ति का हर एक ऐसा अन्तरण जो अन्तरक के लेनदारों को विफल करने या उन्हे देरी करने के आशय से किया गया है –

(1) वैध होगा, आपराधिक विधियों में उत्तरदायी हो सकता है।

(2) शून्य होगा।

(3) किसी भी लेनदार के विकल्प पर शून्यकरणीय होगा।

(4) अवैध होगा।

28. Any breach of duty which, without an intent to deceive, gains an advantage to the person committing it, or any one claiming under him; by misleading another to his prejudice, or to the prejudice of any one claiming under him, is-

(1) Fraud

(2) Coercion

(3) Undue influence

(4) Misrepresentation

कोई ऐसा कर्त्तव्य भंग, जो प्रवंचना करने के आशय के बिना उस व्यक्ति को, जो उसे करता है, या उससे व्युत्पन्न अधिकार के अधीन दावा करने वाले किसी व्यक्ति को कोई फायदा किसी अन्य को ऐसा भुलावा देकर पहुंचाए, जिससे उस अन्य पर या उससे व्युत्पन्न अधिकार के अधीन दावा करने वाले किसी व्यक्ति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े, है –

(1) कपट

(2) प्रपीडन

(3) असम्यक असर

(4) दुर्व्यपदेशन

29. Fill in the blank from the options given below.

'A', being agent for a landed proprietor, agrees for money, without the knowledge of his principal, to obtain for 'B' a lease of land belonging to his principal. The agreement between 'A' and 'B' is void, as it implies a ..... by 'A', on his principal.

(1) fraud by misrepresentation

(2) fraud by undue influence

(3) fraud by concealment

(4) fraud by coercion

दिए गये विकल्पों से रिक्त स्थान की पूर्ति करें।

'क' जो एक भूस्वामी का अभिकर्ता है, अपने मालिक के ज्ञान के बिना अपने मालिक की भूमि का एक पट्टा 'ख' के लिए अभिप्राप्त करने का करार धन के लिए करता है। 'क' और 'ख' के बीच का करार शून्य है, क्योंकि उसमें यह विवक्षित है कि 'क' ने अपने मालिक से ..... किया है।

(1) दुर्व्यपदेशन द्वारा कपट

(2) असम्यक असर द्वारा कपट

(3) छिपाव द्वारा कपट

(4) प्रपीड़न द्वारा कपट

30. Amit transfers property to Bhanu for life, and after his death to Surendra and Suresh, equally to be divided between them, or to the survivor of them. Surendra dies during the life of Bhanu. Suresh survives Bhanu. At Bhanu's death the property passes to -

(1) Suresh and legal heirs of Surendra

(2) Suresh only

(3) Legal heirs of Amit

(4) Suresh and legal heirs of Surendra & Amit

अमित सम्पत्ति को जीवनपर्यन्त के लिए भानू को और उसकी मृत्यु के पश्चात् सुरेन्द्र और सुरेश को उनमें समविभाजन किए जाने के लिए या उनमें से उत्तरजीवी को अंतरित करता है। भानू के जीवनकाल में सुरेन्द्र की मृत्यु हो जाती है। भानू का उत्तरजीवी सुरेश है। भानू की मृत्यु पर सम्पत्ति संक्रामित होगी –

(1) सुरेश और सुरेन्द्र के विधिक उत्तराधिकारियों को

(2) केवल सुरेश को

(3) अमित के विधिक उत्तराधिकारियों को

(4) सुरेश और सुरेन्द्र एवं अमित के विधिक उत्तराधिकारियों को

31. A party alleged a contract in the pleading. Opposite party made a bare denial of the contract. Which of the following statement is correct?

(1) It shall be construed only as a denial in fact of the express contract alleged.

(2) It shall be construed as a denial of legality of such contract.

(3) It shall be construed as a denial of sufficiency in law of such contract.

(4) All the above

एक पक्षकार अभिवचन में एक संविदा का अभिकथन करता है। विरोधी पक्षकार द्वारा संविदा का कोरा प्रत्याख्यान किया गया। निम्न में से कौनसा कथन सही है?

(1) यह केवल अभिकथित की गई अभिव्यक्त संविदा का प्रत्याख्यान माना जाएगा।

(2) यह ऐसी संविदा की वैधता का प्रत्याख्यान माना जाएगा।

(3) यह ऐसी संविदा की विधि की दृष्टि में पर्याप्तता का प्रत्याख्यान माना जाएगा।

(4) उपरोक्त सभी

32. What amongst the following is a difference between the orders of dismissal of appeal under Order 41 Rule 17(1) and Order 41 Rule 11 (2) of the Code of Civil Procedure, 1908, for the non-appearance of appellant when the appeal is called for hearing?

(1) Regarding service of respondent

(2) Regarding the power of the court to decide the appeal on merits

(3) Regarding the memorandum of appeal

(4) No difference

अपील की सुनवाई के लिए पुकार होने पर, अपीलार्थी द्वारा उपसंजाति के व्यतिक्रम करने पर सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के आदेश 41 नियम 11 (2) एवं आदेश 41 नियम 17(1) के अन्तर्गत अपील खारिज करने के आदेशों में निम्न में से क्या भिन्नता है?

(1) प्रत्यर्थी की तामील से सम्बन्धित

(2) अपील को गुणावगुण पर निपटाने की न्यायालय की शक्ति से सम्बन्धित

(3) अपील के ज्ञापन से सम्बन्धित

(4) कोई भिन्नता नहीं है

33. Fill in the blank from the options below.

Any party, may, by notice in writing, at any time ..... call on any other party to admit, for the purposes of the suit only, any specific fact or facts, mentioned in such notice.

(1) not later than 15 days before the day fixed for the hearing

(2) not later than 07 days before the day fixed for the hearing

(3) not later than 09 days before the day fixed for the hearing

(4) but before the day fixed for the first hearing

नीचे दिए गये विकल्पों से रिक्त स्थान की पूर्ति करें।

कोई पक्षकार किसी भी अन्य पक्षकार से ..... किसी भी समय लिखित सूचना द्वारा अपेक्षा कर सकेगा कि वह ऐसी सूचना में वर्णित किसी या किन्हीं विर्निदिष्ट तथ्य या तथ्यों को केवल वाद के प्रयोजनों के लिए स्वीकार कर ले।

(1) सुनवाई के लिए नियत दिन से कम से कम पंद्रह दिन पहले

(2) सुनवाई के लिए नियत दिन से कम से कम सात दिन पहले

(3) सुनवाई के लिए नियत दिन से कम से कम नौ दिन पहले

(4) किन्तु प्रथम सुनवाई के लिए नियत दिन से पहले

34. A decree has been passed against the defendant in a civil suit. Defendant filed an appeal which was dismissed by the appellate court under Order XLI Rule 11 of the Code of Civil Procedure, 1908. The dismissal of the appeal has the effect of confirming the decree. Now the plaintiff wants to file an application to correct the clerical mistake in decree. In which court he will file that application?

(1) In the appellate court which dismissed the appeal, which has the effect of confirming the decree

(2) In the court which had passed the decree

(3) Plaintiff has to file that application before the trial court, prior to the dismissal of appeal, now he cannot file that application

(4) Plaintiff cannot file the application but he can file the special leave to appeal to correct the clerical mistake in the decree

एक सिविल वाद में प्रतिवादी के विरुद्ध एक डिक्री पारित की गई। प्रतिवादी द्वारा अपील प्रस्तुत की गई, जो सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के आदेश 41 नियम 11 के अन्तर्गत अपीलीय न्यायालय द्वारा खारिज कर दी गई। अपील खारिज करने का प्रभाव डिक्री की पुष्टि है। अब वादी डिक्री में लिपिकीय त्रुटि को दुरुस्त करने हेतु एक आवेदन प्रस्तुत करना चाहता है। वह किस न्यायालय में उक्त आवेदन प्रस्तुत करेगा?

(1) अपीलीय न्यायालय में, जिसके द्वारा अपील खारिज की गई, जिसका प्रभाव डिक्री की पुष्टि है

(2) उस न्यायालय में, जिसके द्वारा डिक्री पारित की गई

(3) वादी को उक्त आवेदन विचारण न्यायालय के समक्ष अपील खारिज होने से पूर्व प्रस्तुत करना चाहिए था, अब वह उक्त आवेदन प्रस्तुत नहीं कर सकता

(4) वादी आवेदन प्रस्तुत नहीं कर सकता है किन्तु डिक्री में लिपिकीय त्रुटि को दुरुस्त करने हेतु विशेष अनुमति याचिका प्रस्तुत कर सकता है

35. Where immovable property is sold in execution of a decree and such sale become absolute, the property shall be deemed to have vested in the purchaser from the time, when -

(1) the property is sold.

(2) sale become absolute.

(3) the property is attached.

(4) the public notice regarding auction is issued.

जहां किसी डिक्री के निष्पादन में स्थावर सम्पत्ति का विक्रय किया गया है और ऐसा विक्रय आत्यन्तिक हो गया है, वहां यह समझा जाएगा कि सम्पत्ति उस समय से क्रेता में निहित हो गई है, जब –

(1) सम्पत्ति का विक्रय किया गया।

(2) विक्रय आत्यन्तिक हो गया।

(3) सम्पत्ति कुर्क की गई।

(4) नीलामी हेतु सार्वजनिक नोटिस जारी किया गया।

36. Substituted service of summons may be ordered, where-

(1) The plaintiff wants it and proposes to bear the costs thereof

(2) The defendant resides outside the territorial jurisdiction of the court

(3) The defendant avoids the service of summon or summon cannot be served in ordinary way

(4) The defendant refuses to sign the acknowledgement

समन की प्रतिस्थापित तामील का आदेश किया जा सकता है, जहां–

(1) वादी इसे चाहता है और इस बाबत खर्चा वहन करने का प्रस्ताव करता है

(2) प्रतिवादी न्यायालय के प्रादेशिक क्षेत्राधिकार से बाहर निवास करता है

(3) प्रतिवादी समन की तामील से बचता है या समन की तामील मामूली प्रकार से नहीं की जा सकती

(4) प्रतिवादी अभिस्वीकृति पर हस्ताक्षर करने से इन्कार करता है

37. The doctrine of Acceleration described in which section of the Transfer of Property Act, 1882?

(1) Section 25

(2) Section 27

(3) Section 29

(4) Section 30

सम्पत्ति अंतरण अधिनियम, 1882 की कौनसी धारा त्वरीताप्ति के सिद्धान्त की व्याख्या करती है?

(1) धारा 25

(2) धारा 27

(3) धारा 29

(4) धारा 30

38. "Mesne Profit" does not include -

(1) Those profits which the person in wrongful possession of such property actually secured.

(2) Those profits which the person might, with ordinary diligence have secured therefrom, together with interest on such profits.

(3) Profits due to improvements made by the person in wrongful possession.

(4) None of the above.

"अन्तःकालीन लाभ" में शामिल नहीं है –

(1) वह लाभ जो ऐसी सम्पत्ति पर सदोष कब्जा रखने वाले व्यक्ति को वस्तुतः प्राप्त हुए हों।

(2) ऐसे लाभों पर ब्याज के सहित, वह लाभ जो व्यक्ति मामूली तत्परता से प्राप्त कर सकता था।

(3) सदोष कब्जा रखने वाले व्यक्ति द्वारा की गई अभिवृद्धियों के कारण हुए लाभ।

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं।

39. Under the provisions of the Code of Civil Procedure, 1908, the application for permission to sue as an indigent person shall be rejected-

(1) Where it is framed and presented in the manner prescribed by Rule 2 & Rule 3 of Order 33.

(2) Where within 02 months next before the presentation of the application, disposed of any property and even after the value of the property disposed of is taken into account, the applicant would be entitled to sue as an indigent person.

(3) Where the applicant has entered into any agreement with reference to the subject matter of the proposed suit under which any other person has obtained an interest in such subject matter.

(4) All of the above

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के प्रावधानों के अन्तर्गत निर्धन व्यक्ति के रूप में वाद लाने की अनुज्ञा के लिए आवेदन नामंजूर किया जाएगा–

(1) जहां आदेश 33 के नियम 2 व 3 में विहित रीति से उसकी विरचना और उपस्थापित किया गया है।

(2) जहां आवेदन उपस्थापित करने के ठीक पहले वाले 2 मास के भीतर किसी सम्पत्ति का व्ययन कर दिया है और व्ययनित सम्पत्ति के मूल्य को हिसाब में लाने पर भी वह निर्धन व्यक्ति के रूप में वाद लाने का हकदार हो।

(3) जहां आवेदक ने प्रस्थापित वाद की विषय–वस्तु के बारे में कोई ऐसा करार किया है, जिसके अधीन किसी अन्य व्यक्ति ने ऐसी विषय वस्तु में हित अभिप्राप्त कर लिया है।

(4) उपरोक्त सभी

40. Every pleading, when filed shall be accompanied by a statement regarding the address of the party. The address furnished in the statement be called the "registered address" of the party, and shall, until duly changed, be deemed to be the address of the party for the purpose of service of all processes in the suit or in any appeal from any decree or order therein made and for the purpose of execution, and shall hold good, for a period,

(1) of one year after the determination of cause or matter.

(2) of two years after the determination of cause or matter.

(3) till the determination of cause or matter.

(4) of two months after the determination of cause or matter.

फाईल किए जाने वाले प्रत्येक अभिवचन के साथ पक्षकार के पते के बारे में कथन होगा। कथन में दिए गये पते को पक्षकार का "रजिस्ट्रीकृत पता" कहा जाएगा और जब तक सम्यकृतः परिवर्तित न किया गया हो तब तक वह वाद में या उसमें दी गई किसी डिक्री या किए गये किसी आदेश की किसी अपील में और निष्पादन के प्रयोजन के लिए पक्षकार का पता समझा जाएगा और वही पता सही माना जाएगा –

(1) मामले या विषय के निर्धारण के पश्चात् एक वर्ष की अवधि के लिए।

(2) मामले या विषय के निर्धारण के पश्चात् दो वर्ष की अवधि के लिए।

(3) मामले या विषय के निर्धारण तक।

(4) मामले या विषय के निर्धारण के पश्चात् दो माह की अवधि के लिए।

41. Under the provisions of Order 21 Rule 90 of the Code of Civil Procedure, 1908, the sale of immovable property made under execution of a decree may be set aside on which of the following ground?

(1) The applicant had sustained substantial injury by reason of material irregularity in publishing or conducting it

(2) The absence of attachment of the property sold

